प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 28.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा, योजनाओं के डिजिटलाइजेशन और फ्लाईओवर कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश।
2. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज रांची में "नमो स्टॉल" योजना का करेंगे शुभारंभ, रेहड़ी–पटरी दुकानदारों को मिलेगा मुफ्त ठेला।
3. झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज, प्रोजेक्ट भवन में अहम प्रस्तावों पर होगी चर्चा।
4. रांची सहित राज्य के कई इलाकों में झमाझम बारिश, तपिश से मिली राहत, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।
5. एएफसी अंडर–17 महिला एशियन कप टीम में झारखंड की 4 खिलाड़ी शामिल, चीन में दो से आठ मई तक होने वाले टूर्नामेंट में लेंगी हिस्सा।

***************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए डिजिटलाइजेशन और नियमित मॉनिटरिंग पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगारपरक योजनाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

वहीं, सिरमटोली से कांटा टोली फ्लाईओवर परियोजना की समीक्षा कर भू–अर्जन प्रक्रिया जल्द पूरी करने और निर्माण कार्य तेज करने को कहा। करम टोली से साइंस सिटी, चिरौंदी तक प्रस्तावित फ्लाईओवर पर भी चर्चा हुई। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए डिवाइडर में अनावश्यक कट्स बंद करने के निर्देश दिए गए।

***************************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रेहड़ी–पटरी दुकानदारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज "नमो स्टॉल (ठेला)" वितरण योजना शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यह पहल रांची लोकसभा क्षेत्र में छोटे व्यवसायियों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराने के लिए की जा रही है। जिससे "स्वच्छ रांची, समृद्ध रांची" अभियान को भी बल मिलेगा।

***************************

झारखंड में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के शुभारंभ से पूर्व आज रांची में प्रेस वार्ता होगी। यह कार्यक्रम नामकुम स्थित जियाडा सेंट्रल ऑफिस में दोपहर 12 बजे आयोजित होगा। इसमें मकान सूचीकरण और गणना से जुड़ी तैयारियों की जानकारी दी जाएगी।

***************************

रांची के रिम्स में असिस्टेंट प्रोफेसर के विभिन्न विभागों में संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया समाप्त हो गई है, जिसमें 17 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों की सूची स्वास्थ्य विभाग को भेज दी गई है, जिसके बाद जल्द ही नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे।

***************************

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज दोपहर तीन बजे रांची स्थित झारखंड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, समन्वय शाखा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक में राज्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।

***************************

दुमका में जिला स्कूल रोड की रहने वाली साक्षी जब फिलीपींस से डॉक्टर बनकर घर लौटी, तो लोगों ने रेड कारपेट बिछाकर और बैंड–बाजे के साथ उसका भव्य स्वागत किया। साक्षी के पिता धर्मेंद्र सिंह बिट्टू ने कहा कि माता–पिता को बच्चों की क्षमता पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए।

***************************

केंद्र सरकार ने कहा है कि वैश्विक तनाव के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई सामान्य बनी हुई है।

घरेलू गैस, पीएनजी और सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति जारी है, जबकि जरूरी क्षेत्रों को कमर्शियल एलपीजी में प्राथमिकता दी जा रही है। अप्रैल में अब तक 1.65 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा कमर्शियल एलपीजी की बिक्री हो चुकी है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें।

***************************

दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में इस वर्ष पारंपरिक सेंदरा पर्व वन्यजीवों के लिए पूरी तरह सुरक्षित रहा। सरायकेला के डीएफओ सबा आलम ने बताया कि वन विभाग की सक्रियता और ग्रामीणों के सहयोग से शिकार की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगी है। उन्होंने कहा कि पर्व से पहले 85 गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्राम वन प्रबंधन और इको विकास समितियों ने अहम भूमिका निभाई।

***************************

गुमला जिले के खोरा जामटोली की रहने वाली संजीता कुमारी, जो अगस्त 2018 से लापता है, की तलाश में पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इस मामले में एएचटीयू थाना में मामला दर्ज कर तकनीकी और भौतिक स्तर पर जांच जारी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। मामले को लेकर आज सुबह 11 बजे गुमला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चैनपुर एसडीपीओ प्रेस वार्ता करेंगे।

***************************

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आगामी ग्रीष्म ऋतु में लू की स्थिति को देखते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से तैयारियां करने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्या सलीला श्रीवास्तव ने कहा कि अप्रैल से जून तक पूर्वी, मध्य और उत्तर–पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों के साथ–साथ दक्षिण–पूर्वी प्रायद्वीप में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है।

मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लू प्रबंधन के लिए समर्पित इकाइयां स्थापित करने, एम्बुलेंस सेवाओं की तैयारी सुनिश्चित करने और एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म – आईएचआईपी पोर्टल पर लू के मामलों की जानकारी देने का निर्देश दिया है।

***************************

राजधनी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में झमाझम बारिश के बाद लोगों को तपिश से राहत मिली है। विभाग के अनुसार अगले तीन घंटे तक मध्यम दर्जे की वर्षा जारी रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए राज्य के कई जिलों में तेज गर्जन, बारिश और आंधी–तूफान की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

***************************

एएफसी अंडर–17 महिला फुटबॉल एशियन कप के लिए भारतीय टीम में झारखंड की चार बालिकाओं को जगह मिली है। टूर्नामेंट 2 से 8 मई तक चीन में होगा, जहां भारत ऑस्ट्रेलिया, जापान और लेबनान से भिड़ेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

***************************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की समीक्षात्मक बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है दिशोम गुरू विद्यालय के लिए चिह्नित करें जमीन–मुख्यमंत्री।

प्रभात खबर ने लिखा है अवैध निर्मान पांच से 20 हजार रूपये में होंगे वैध, 60 दिन में दें आवेदन।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– होर्मुज खोलने के लिए ईरान सशर्त तैयार।

दैनिक भास्कर ने राजकोष घोटाले की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

वहीं अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन और ईरान के बीच बातचीत की खबर को प्रकाशित किया है।